जीवन के पहले सप्ताह के लिए

माता-पिता की मार्गदर्शिका

the women's
the royal women's hospital

क्या आपका नवजात शिशु स्वस्थ है?

स्वस्थ नवजात शिशु:

- गुलाबी होंठ और गुलाबी जीभ वाले होते हैं
- आपके जैसा ही अंडरआर्म (बगल) का तापमान 36.8°C और 37.3°C के बीच होता है
- नियमित रूप से पेशाब (वी) और मल त्याग (पू) करता है
- अक्सर दूध पीता है, 24 घंटों में 8-12 बार
- जागने पर चुपचाप सतर्क रहता है और आवाज़ों और ध्वनियों पर प्रतिक्रिया करता है
- कुछ छोटे विरामों के साथ आपसे थोड़ी तेज़ी से साँस लेता है
- जब वे संघर्ष कर रहे होते हैं और मदद की ज़रूरत होती है, तो संकेत दिखाता है, जैसे रंग बदलना, रोना, छटपटाना या कांपना।

क्या आपका नवजात शिशु बीमार है?

अगर आपका शिशु:

- सांस लेना बंद कर देता है या नीला पड़ जाता है
- दौरा पड़ता है, आँखों, मुँह, हाथ या पैरों में झटके या हरकतें होती हैं
- उसे जगाया नहीं जा सकता
- उसे तेज़ आवाज़ें, आँखों में चमकती हुई तेज़ रोशनी या हाथ पर हल्की चुटकी का एहसास नहीं होता है।

→

कार्रवाई

अस्पताल में

तुरंत अपनी मिड्वाईफ या डॉक्टर को बताएं, या कॉल-असिस्ट बटन दबाएं

घर पर

फ़ोन 000

जीवन के पहले सप्ताह के भीतर

यदि आपके शिशु:

- की त्वचा जन्म के बाद पहले 24 घंटों में पीली दिखाई दे
- ने पहले 24 घंटों के बाद 6 घंटे से ज़्यादा दूध न पीया हो
- ने पहले 24 घंटों के बाद दिन में कम से कम 1 गीला और 1 गंदा डायपर न किया हो
- की आँख, मुँह, हाथ या पैर में ऐंठन या झटके महसूस हो
- के शरीर, सिर, गर्दन, हाथ और पैर में ढीलापन या पिलपिलापन महसूस हो
- बहुत तेज़ी से साँस ले रहा हो और घुरघुराहट जैसी आवाज़ें निकाल रहा हो
- असामान्य रोना - जैसे कमज़ोर, तेज़ आवाज़ में कराहना या दर्द से रोना
- मल में खून हो
- त्वचा बहुत पीली हो या पीली पड़ रही हो
- साँस लेने पर उसका पेट (टमी) या छाती का निचला हिस्सा अंदर की ओर खिंचता हो
- बहुत उल्टी हो रही हो - पिछले 3 बार दूध पीने के बाद आधे से ज़्यादा दूध
- उल्टी साफ़, दूधिया या हल्के पीले रंग की न हो

साफ	दूध	हल्का पीला	मस्टर्ड	हरा	हरा	हरा	हरा	खूनी

या

- आपको लगता है कि कुछ ग़लत है.

→

कार्रवाई

अस्पताल में

अपनी मिड्वाईफ या डॉक्टर को बताएं,

घर पर

- 24-घंटे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य लाइन
  फ़ोन 13 22 29
- 24-घंटे नर्स-ऑन-कॉल
  फ़ोन 1300 60 60 24
- अपने स्थानीय डॉक्टर (GP) से मिलें
- अस्पताल के आपातकालीन विभाग में जाएँ
- यदि ज़रूरी हो, तो 000 पर फ़ोन करें

कृपया ध्यान दें: स्क्रीन पर देखने और/या डाउनलोड और प्रिंट करने पर, चार्ट में रंग आपकी डिवाइस सेटिंग के आधार पर भिन्न हो सकते हैं।

Reference: Morley CJ, Thornton AJ, Cole TJ, Hewson PH, Fowler MA. Baby Check: a scoring system to grade the severity of acute systemic illness in babies under 6 months old. Arch Dis Child. 1991 Jan;66(1):100-5. doi: 10.1136/adc.66.1.100.